प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या..67.. / 2026)

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल, जून 2026

वेबसाइटः - www.trai.gov.in तत्काल प्रकाशन हेतु

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने सागर और रायगढ़ शहरों में मोबाइल नेटवर्क की गुणवत्ता का आकलन किया। सागर शहर के आकलन में गोपालगंज, बेरखारी गुरु, उदयपुरा तिवारी, पिपरिया रामवन, सिरोंजा, बम्होरी बीका, लिधोरहाट, बमोरा, मकरोनिया, मकरोनिया मुहाल, गुरु अमर दास नगर, गडोली खुर्द, आनंद नगर, बडोना, रजौया, केशवगंज, मोतीनगर और कटरा बाजार के आस-पास के इलाके शामिल थे और रायगढ़ शहर के आकलन में खैरपुर, मौहपाली, कछार, कोटरा, कोसामनारा, केलो विहार, उरदाना, बरलिया, तुमिडीह, चांदनी चौक, दारोगापारा तथा चक्रधर नगर आदि शामिल थे।

भादूविप्रा ने सामान्य दूरसंचार उपभोक्ताओं की जानकारी के लिए मार्च 2026 के महीने के दौरान मध्य प्रदेश एलएसए के तहत **सागर** और रायगढ़ शहरों में किए गए इंडिपेंडेंट ड्राइव टेस्ट (IDT) के निष्कर्ष जारी किए हैं। ड्राइव टेस्ट का उद्देश्य दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) द्वारा प्रदान की जाने वाली मोबाइल नेटवर्क सेवाओं (वॉयस और डेटा दोनों) की वास्तविक समय गुणवत्ता का आकलन और सत्यापन करना है। आईडीटी के दौरान, भादूविप्रा के द्वारा कवरेज, कॉल ड्रॉप रेट (CDR), कॉल सेटअप सक्सेज रेट (CSSR), डाटा डाउनलोड (DL) और अपलोड (UL) थ्रूपुट आदि जैसे प्रमुख सेवा गुणवत्ता (QOS) मानदंडों के लिए टीएसपी के निष्पादन को दर्ज किया जाता है और उन्हे उपभोक्ताओं की जानकारी और दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को अपनी सेवाओं में सुधार करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए प्रकाशित किया जाता है।


2. इन आईडीटी को शहरों, हॉटस्पॉट, सार्वजनिक परिवहन केंद्रों आदि जैसे विविध उपयोग वाले वातावरण में सभी टीएसपी के स्थलीय मोबाइल नेटवर्क निष्पादन को कैप्चर करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस प्रकार के ड्राइव टेस्ट में 2G, 3G, 4G और 5G नेटवर्क पर सभी टीएसपी के सिम कार्ड का उपयोग करके लाइव डेटा और वॉयस सैशन स्थापित किए जाते हैं। कई उन्नत टेस्ट हैंडसेट का उपयोग किया जाता है और उन्नत सॉफ्टवेयर सिस्टम का उपयोग करके रीयल टाइम में सैशन की निगरानी और विश्लेषण किया जाता है।

3. भादूविप्रा ने अपनी नियुक्त एजेंसी के माध्यम से मध्य प्रदेश एलएसए में 16 मार्च 2026 से 21 मार्च 2026 के दौरान सागर और रायगढ़ शहर में सिटी ड्राइव- 455.1 किमी, हॉटस्पॉट स्थानों-16, वॉक टेस्ट-9.7 किलोमीटर ड्राइव टेस्ट किए। ये टेस्ट भादूविप्रा के क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल की देखरेख में आयोजित किए गए थे। ड्राइव टेस्ट रिपोर्ट में प्रस्तुत आंकड़े, ड्राइव टेस्ट आयोजित करने के दिन/समय पर टेस्ट के तहत क्षेत्र/रुट पर टीएसपी के निष्पादन को दर्शाते हैं।

4. **ड्राइव टेस्ट रूट मैपः** निम्नलिखित मानचित्र, मानचित्र पर दिखाए गए निष्पादन के

02/6/2026

अनुसार, सिटी ड्राइव, इंटर-ऑपरेटर कॉलिंग, हॉटस्पॉट और वॉक टेस्ट को इंगित करने वाले ड्राइव टेस्ट मार्गों को प्रदर्शित करता है:




5. **प्रमुख मूल्यांकित मानदंड:**

क) **कवरेज गैप** : नमूनों का प्रतिशत, जिसके लिए सिग्नल की शक्ति संबंधित तकनीक (2G/3G/4G/5G) के लिए न्यूनतम निर्धारित सिग्नल शक्ति से कम देखी गई।

ख) **वॉयस सर्विसेज**: कॉल सैट अप सक्सेज रेट ( CSSR), ड्रॉप कॉल रेट (DCR), कॉल सेटअप टाइम (CST) , कॉल साइलेंस रेट (CSR) , स्पीच क्वालिटी (MOS).

ग) **कॉल साईलेंस इंस्टांस**: कॉल के दौरान कितनी कॉल साइलेंस घटनाएं (इंस्टेंस) हुईं।

घ) **डाटा सर्विसेज** : डाउनलोड/अपलोड थ्रूपुट, लेटेंसी, जिटर, पैकेट ड्राप रेट ।

6. सागर और रायगढ़ शहरों में प्रमुख मापदंडों पर समग्र मोबाइल नेटवर्क के निष्पादन को संक्षेप में नीचे दर्शाया जा रहा है:

क) **कवरेज गैप**- स्वचालित चयन मोड (5G/4G/3G/2G), में ड्राइव टेस्ट रुट पर वॉयस टेस्ट के दौरान के दौरान देखी गई संकेत शक्ति, जिसे एकत्र किए गए कुल नमूनों में से खराब संकेत शक्ति वाले नमूनों की संख्या के रूप में मापा जाता है। यह **एयरटेल** के लिए 602/33259, **बीएसएनएल** के लिए 3404/31918, **आरजेआईएल** के लिए 913/32486 और सागर शहर के लिए **वीआईएल** के लिए 2040/32586

04/6/2026

और **एयरटेल** के लिए 1620/30692, **बीएसएनएल** के लिए 8026/29127, **आरजेआईएल** के लिए 454/29999 और रायगढ़ शहर के लिए **वीआईएल** के लिए 3754/30618 थी। कवरेज गैप का विवरण मानचित्र अनुलग्नक में दर्शाया गया है।

ख) **ड्राप्ड कॉल्स** - ड्रॉप कॉल को सफलतापूर्वक स्थापित कॉल की संख्या में से ड्राप कॉल की संख्या के रूप में मापा जाता है । यह **एयरटेल** के लिए 0/295, **बीएसएनएल** के लिए 5/270, **आरजेआईएल** के लिए 0/294 और सागर शहर के लिए **वीआईएल** के लिए 5/294 और **एयरटेल** के लिए 0/271, **बीएसएनएल** के लिए 4/260, **आरजेआईएल** के लिए 1/254 और रायगढ़ शहर के लिए **वीआईएल** के लिए 0/277 थे। ड्रॉप कॉल स्थानों का विवरण **संलग्न मानचित्र** में दर्शाया गया है।

ग) **कॉल साइलेंस घटनाएं (इंस्टेंस)** -कॉल साइलेंस इंस्टेंस, कुल स्थापित कॉल में से 3 सेकंड से अधिक के लिए देखे गए साइलेंस इंस्टेंस की कुल संख्या के रूप में मापा जाता है। यह **एयरटेल** के लिए 4/281, **बीएसएनएल** के लिए 9/237, **आरजेआईएल** के लिए 3/284 और सागर शहर के लिए **वीआईएल** के लिए 5/281 और **एयरटेल** के लिए 14/260, **बीएसएनएल** के लिए 39/214, **आरजेआईएल** के लिए 2/244 और रायगढ़ शहर के लिए **वीआईएल** के लिए 7/258 थे। कॉल साइलेंस इंस्टेंस स्थानों का विवरण **संलग्न मानचित्र** में दर्शाया गया है।

घ) डाटा डाउनलोड एवं थ्रूपुट :

i) डाटा डाउनलोड निष्पादन **(समग्र)** : **एयरटेल(5G/4G)**, के लिए औसत डाउनलोड स्पीड 98.22Mbps, **बीएसएनएल(4G)** के लिए 15.73Mbps, **आरजेआईएल(5G/4G)**, के लिए 277.28 Mbps और सागर शहर के लिए **वीआईएल(4G)** के लिए 35.85Mbps और **एयरटेल(5G/4G)**, के लिए 98.78 Mbps, **बीएसएनएल(4G)** के लिए 16.08 Mbps, **आरजेआईएल(5G/4G)**, के लिए 172.64 Mbps और **वीआईएल(4G)** के लिए 21.72 Mbps दर्ज की गई। डाउनलोड थ्रूपुट का विवरण **संलग्न मानचित्र** में दर्शाया गया है।

ii) डेटा अपलोड निष्पादन **(समग्र)** : **एयरटेल(5G/4G)**, के लिए औसत अपलोड स्पीड 22.20 Mbps, **बीएसएनएल(4G)**, के लिए 4.73Mbps, **आरजेआईएल (5G/4G)**, के लिए 28.71 Mbps और सागर शहर के लिए **वीआईएल**(4जी) के लिए 10.55 Mbps और **एयरटेल (5G/4G)**, के लिए 22.21Mbps, **बीएसएनएल(4G)**, के लिए 5.40Mbps, **आरजेआईएल (5G/4G)**, के लिए 19.84 Mbps और **वीआईएल(4G)**, के लिए 13.06 Mbps के रूप में देखी गई। अपलोड थ्रूपुट का विवरण **संलग्न मानचित्र** में दर्शाया गया है।

02/6/2026

ड्रॉप किए गए कॉल और कॉल साइलेंस इंस्टेंस के स्थान, संलग्न मानचित्र पर लाल बिंदु पर क्लिक करके देखे जा सकते हैं।

7. आईडीटी के दौरान ड्राइव टेस्ट रुट और कवर किए गए क्षेत्र का विवरण इस प्रकार है: -

क) **शहर**- सागर शहर में गोपालगंज, बेरखारी गुरु, उदयपुरा तिवारी, पिपरिया रामवन, सिरोंजा, बम्होरी बीका, लिधोरहाट, बमोरा, मकरोनिया, मकरोनिया मुहाल, गुरु अमर दास नगर, गडोली खुर्द, आनंद नगर, बडोना, रजौया, केशवगंज, मोतीनगर और कटरा बाजार आदि शामिल थे तथा रायगढ शहर में खैरपुर, मौहपाली, कछार, कोटरा, कोसमनारा, केलो विहार, उड़दाना, बरलिया, तुमिडीह, चांदनी चौक, रायगढ दारोगापारा और चक्रधर नगर आदि शामिल थे।

ख) **हॉट स्पॉट** - स्थिर उपयोगकर्ता अनुभव को कैप्चर करते हुए निम्नांकित हॉट स्पॉट इलाकों को कवर किया गया- कार्मेल कॉन्वेंट एचआर सेकेंडरी स्कूल रायगढ़, कलेक्ट्रेट सागर, डॉ. हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय सागर, गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज सागर, गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज सागर, किरोड़ीमल आर्ट्स एंड साइंस कॉलेज रायगढ़, किरोड़ीमल गवर्नमेंट डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल रायगढ़, किरोड़ीमल पॉलिटेक्निक कॉलेज रायगढ़, मक्रोनिया चौराहा सागर, मेडिकल कॉलेज सागर, ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी (ओपीजेयू) रायगढ़, रायगढ़ बस स्टैंड, रायगढ़ कलेक्ट्रेट, सागर बस स्टैंड, शनिचरी बाजार रायगढ़ और उत्तम इंटरनेशनल स्कूल रायगढ़।

ग) **वॉक टेस्ट** - 16 मार्च 2026 से 21 मार्च 2026 तक आयोजित वॉक टेस्ट में डॉ. हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय सागर, स्वर्गीय श्री लखी राम अग्रवाल मेमोरियल गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज रायगढ़, रायगढ़ रेलवे स्टेशन और सागर रेलवे स्टेशन शामिल थे, जिसमें भीड़-भाड़ वाले पैदल यात्री परिवेश में मोबाइल नेटवर्क व्यवहार को कैप्चर किया गया।

8. आईडीटी के निष्कर्षों के बारे में सभी संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को उनके स्तर पर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए सूचित किया जा चुका है। ड्राइव टेस्ट की विस्तृत रिपोर्ट भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध है।अतिरिक्त जानकारी के लिए क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल से ईमेल adv.bhopal@trai.gov.in या दूरभाषा सं 91-755-2575501 पर संपर्क किया जा सकता है।

04/6/2026

(संजय कुमार गुप्ता)
सलाहकार,
क्षे.का.भोपाल

अनुलग्नक


**1) सागर शहर -**


**क) कवरेज गैप**– वॉयस टेस्ट के दौरान ऑटो-चयन मोड (5G/4G/3G/2G) में ड्राइव टेस्ट रूट के लिए न्यूनतम निर्दिष्ट सिग्नल शक्ति से कम पाया गया कवरेज वितरण नीचे दिया गया है:

| मानदंड | एयरटेल | बीएसएनएल | आरजेआईएल | वीआईएल |
|---|---|---|---|---|
| ड्राइव टेस्ट रूट पर कैप्चर किए गए नमूनों की कुल संख्या | 33259 | 31918 | 32486 | 32586 |
| खराब सिग्नल क्षमता वाले नमूनों की संख्या | 602 | 3404 | 913 | 2040 |

**नोट:** सिग्नल की क्षमता खराब तब मानी गई है जब वह 5G और 4G के लिए 110 dBm, 3G के लिए 90 dBm और 2G के लिए 85 dBm से नीचे आती है।

**कवरेज गैप अवलोकन**







**नोट:** प्लॉट केवल डायनेमिक ड्राइव टेस्ट परिणामों पर आधारित है।

**ख) ड्राप्ड कॉल्स** - ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में ड्रॉप हुई कॉलों का टीएसपी-वार विवरण नीचे दिया गया है:

| मानदंड | एयरटेल | बीएसएनएल | आरजेआईएल | वीआईएल |
|---|---|---|---|---|
| स्थापित सफल कॉल की संख्या | 295 | 270 | 294 | 294 |
| ड्रॉप हुई कॉल की संख्या | 0 | 5 | 0 | 5 |

**वे स्थान जहाँ पर ड्रॉप कॉल की घटनाएं हुईं**





**नोट:** नोट: ड्रॉप किए गए कॉल स्थान लाल रंग में दिखाए जाते हैं जिन पर क्लिक करके मैप पर सटीक स्थान (अक्षांश और देशांतर) का पता लगाया जा सकता है।

ग) **कॉल साईलेंस घटनाएं (इंस्टेंस)** - ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G) में कॉल साइलेंस इंस्टेंस का टीएसपी-वार विवरण नीचे दर्शाया गया है:

| मानदंड | एयरटेल | बीएसएनएल | आरजेआईएल | वीआईएल |
|---|---|---|---|---|
| कॉल स्थापित (सेवा प्रदाता नेटवर्क के भीतर) | 281 | 237 | 284 | 281 |
| साईलेंस कॉल की संख्या > 3 सेकंड के लिए | 3 | 8 | 2 | 4 |
| कुल साईलेंस कॉल की संख्या > 3 सेकंड के लिए | 4 | 9 | 3 | 5 |

**कॉल साइलेंस इंस्टेंस के स्थान**





**नोट:** कॉल साइलेंस इंस्टेंस लाल रंग में दिखाए जाते हैं जिन पर क्लिक करके मैप पर सटीक स्थान (अक्षांश और देशांतर) का पता लगाया जा सकता है।

**घ) डाटा डाउनलोड एवं थ्रूपुट :** ऑटो-चयन मोड (5G/4G/3G/2G) में महीने के लिए घोषित विशिष्ट डीएल/यूएल थ्रूपुट के मुकाबले **औसत डाउनलोड (डीएल)** और **अपलोड (यूएल) थ्रूपुट** का टीएसपी-वार विवरण नीचे दिया गया है:

(i) **डाउनलोड थ्रूपुट**

| **मानदंड** | **माप** | **एयरटेल (5G तक)** | **बीएसएनएल (4G तक)** | **आरजेआईएल (5G तक)** | **वीआईएल (4G तक)** |
|---|---|---|---|---|---|
| टीएसपी द्वारा घोषित विशिष्ट डाउनलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 16.12 | 5.00 | 15.00 | 15.00 |
| आईडीटी के दौरान मापा गया औसत डाउनलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 98.22 | 15.73 | 277.28 | 35.85 |





**नोट:** प्लॉट केवल डायनेमिक ड्राइव टेस्ट परिणामों पर आधारित है।

.

(ii) **अपलोड थ्रूपुट**

| मानदंड | माप | एयरटेल (5G तक) | बीएसएनएल (4G तक) | आरजेआईएल (5G तक) | वीआईएल (4G तक) |
|---|---|---|---|---|---|
| टीएसपी द्वारा घोषित विशिष्ट अपलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 2.84 | 3.00 | 7.00 | 8.00 |
| आईडीटी के दौरान मापा गया औसत अपलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 22.20 | 4.73 | 28.71 | 10.55 |




**नोट:** प्लॉट केवल डायनेमिक ड्राइव टेस्ट परिणामों पर आधारित है।


2) **रायगढ़ शहर –**

**क) कवरेज गैप**– वॉयस टेस्ट के दौरान ऑटो-चयन मोड (5G/4G/3G/2G) में ड्राइव टेस्ट रुट के लिए न्यूनतम निर्दिष्ट सिग्नल शक्ति से कम पाया गया कवरेज वितरण नीचे दिया गया है:

| मानदंड | एयरटेल | बीएसएनएल | आरजेआईएल | वीआईएल |
|---|---|---|---|---|
| ड्राइव टेस्ट रूट पर कैप्चर किए गए नमूनों की कुल संख्या | 30692 | 29127 | 29999 | 30618 |
| खराब सिग्नल क्षमता वाले नमूनों की संख्या | 1620 | 8026 | 454 | 3754 |

**नोट:** सिग्नल की क्षमता खराब तब मानी गई है जब वह 5G और 4G के लिए 110 dBm, 3G के लिए 90 dBm और 2G के लिए 85 dBm से नीचे आती है।

**कवरेज गैप अवलोकन**






**नोट:** प्लॉट केवल डायनेमिक ड्राइव टेस्ट परिणामों पर आधारित है।

**ख) ड्राप्ड कॉल्स** - ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में ड्रॉप की गई कॉल का टीएसपी-वार विवरण नीचे दिया गया है:

| **मानदंड** | **एयरटेल** | **बीएसएनएल** | **आरजेआईएल** | **वीआईएल** |
|---|---|---|---|---|
| स्थापित सफल कॉल की संख्या | 271 | 260 | 254 | 277 |
| ड्रॉप्ड कॉल की संख्या | 0 | 4 | 1 | 0 |

**ड्रॉप कॉल के स्थान**







**नोट:** ड्रौप्ड काल लोकेशंस लाल रंग में दिखाए जाते हैं जिन पर क्लिक करके मैप पर सटीक स्थान (अक्षांश और देशांतर) का पता लगाया जा सकता है.

**ग) कॉल साईलेंस घटनाएं (इंस्टेंस)** - ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G) में कॉल साइलेंस इंस्टेंस का टीएसपी-वार विवरण नीचे दिया गया है:

| मानदंड | एयरटेल | बीएसएनएल | आरजेआईएल | वीआईएल |
|---|---|---|---|---|
| कॉल स्थापित (सेवा प्रदाता नेटवर्क के भीतर) | 260 | 214 | 244 | 258 |
| साईलेंस काल की संख्या > 3 सेकंड | 5 | 26 | 2 | 5 |
| कॉल साईलेंस इंस्टांसेज की कुल संख्या >3 सेकंड | 14 | 39 | 2 | 7 |

**कॉल साइलेंस इंस्टेंस के स्थान**





**नोट:** कॉल साइलेंस इंस्टेंस लाल रंग में दिखाए जाते हैं जिन पर क्लिक करके मैप पर सटीक स्थान (अक्षांश और देशांतर) का पता लगाया जा सकता है।

**घ) डाटा डाउनलोड एवं थ्रूपुट** : ऑटो-चयन मोड (5G/4G/3G/2G) में महीने के लिए घोषित विशिष्ट डीएल/यूएल थ्रूपुट के मुकाबले औसत डाउनलोड (डीएल) और अपलोड (यूएल) थ्रूपुट का टीएसपी-वार विवरण नीचे दिया गया है:

(iii) **डाउनलोड थ्रूपुट**


| **मानदंड** | **माप** | **एयरटेल (5G तक)** | **बीएसएनएल (4G तक)** | **आरजेआईएल (5G तक)** | **वीआईएल (4G तक)** |
|---|---|---|---|---|---|
| टीएसपी द्वारा घोषित विशिष्ट डाउनलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 16.12 | 5.00 | 15.00 | 15.00 |
| आईडीटी के दौरान मापा गया औसत डाउनलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 98.78 | 16.08 | 172.64 | 21.72 |




**नोट:** प्लॉट केवल डायनेमिक ड्राइव टेस्ट परिणामों पर आधारित है।

(i) **अपलोड थ्रूपुट**

| मानदंड | माप | एयरटेल (5G तक) | बीएसएनएल (4G तक) | आरजेआईएल (5G तक) | वीआईएल (4G तक) |
|---|---|---|---|---|---|
| टीएसपी द्वारा घोषित विशिष्ट अपलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 2.84 | 3.00 | 7.00 | 8.00 |
| आईडीटी के दौरान मापा गया औसत अपलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 22.21 | 5.40 | 19.84 | 13.06 |




**नोट:** प्लॉट केवल डायनेमिक ड्राइव टेस्ट परिणामों पर आधारित है।